आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" के तहत विभिन्न स्थानों पर अंतर–ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किए जा रहे हैं।
- विद्युत विभाग की ओर से स्टोर इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया गया।
- प्रशासन ने उच्च माध्यमिक स्तर और मैट्रिक स्तर के पदों के लिए किए गए आवेदन में सुधार के लिए सुधार विन्डो खोलने की घोषणा की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। 'मन की बात' का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी 'मन की बात' का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों के समन्वय से "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" विषय के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर अंतर–ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता – डीसी–एसपी कप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के तहत कल कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और समूह गायन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन शामिल हुईं। जिला प्रशासन का उद्देश्य कार्यक्रम के जरिए एक सुरक्षित और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इस श्रृंखला के तहत आज वंडूर समुद्र तट पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय के तहत युवा संगम के सातवें चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कल तक किया जा सकता है। 18 से 30 साल आयु वर्ग के युवा आधिकारिक पोर्टल के ज़रिए अपना पंजीकरण कर सकते हैं। युवा संगम के सातवें चरण के लिए, आई आई टी, आई आई एम, केंद्रीय विश्वविद्यालय और NIT समेत 20 उच्च शिक्षण संस्थानों को नोडल संस्थान के रूप में चुना गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त सी एस आई आर–यू जी सी नेट परीक्षा के सभी 5 विषयों की अंतिम उत्तर पुस्तिका जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अपने पहचान पत्रों का उपयोग करके लॉग इन कर अपने विषय से संबंधित अंतिम उत्तर पुस्तिका देख सकते हैं। एनटीए ने बताया कि इस परीक्षा से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से एनटीए हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। संयुक्त सी एस आई आर–यू जी सी नेट परीक्षा भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति और पीएच–डी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जाती है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग की ओर से सरकारी स्टोर और परिसंपत्तियों के डिजिटलीकरण की दिशा में कदम उठाते हुए ऑनलाइन स्टोर इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम को औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया गया है। यह पोर्टल सभी स्टोर इन्वेंट्री तक पहुँच और उनके प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करता है।

इससे सामग्री की प्राप्ति, जारी करने और प्रेषण की ऑनलाइन रिकॉर्डिंग और निगरानी से स्टोर प्रबंधन अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगा। इस डिजिटल पहल से प्रशासन की विकासात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी, जिससे द्वीपसमूह के सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने उच्च माध्यमिक स्तर और मैट्रिक स्तर के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों के लिए अपने आवेदनों में किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर करने और उसमें सुधार की सुविधा प्रदान करने के लिए अधिसूचना जारी कर सुधार विन्डो खोलने की घोषणा की है। मैट्रिक लेवल के आवेदकों के लिए यह विन्डो कल सुबह ग्यारह बजे से सात सितम्बर मध्यरात्रि तक खुली रहेगी, जबकि उच्च माध्यमिक स्तर के लिए चार सितम्बर से दस सितम्बर मध्यरात्रि तक खुली रहेगी।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना के तहत पानीघाट स्थित फिश लैंडिंग सेंटर और नॉर्थ–बे केज कल्चर क्षेत्र में 'आजीविका सुरक्षा के लिए मैरीकल्चर गतिविधियां' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मैरीकल्चर और केज कल्चर के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पूरा होने पर सभी 20 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और आवश्यक उपकरण वितरित किए गए।

<><><><><><><>

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल एवं युवा मंत्रालय की ओर से "खेलेगा भारत–जीतेगा भारत" विषय के तहत सप्ताहव्यापी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में हजार से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित समापन अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तीन खिलाड़ियों मोहम्मद असलम, जॉय पिंटो और जसमती देवी को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खेल निदेशक आदित्य सांगोत्रा ने सम्मानित खिलाड़ियों की सराहना करते हुए युवा खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने द्वीपसमूह में खेल बुनियादी ढांचे के विकास की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

कच्छाल स्थित पशु चिकित्सा औषधालय की ओर से यूटीआत्मा योजना के तहत डेयरी फार्म अपशिष्ट प्रबंधन तथा अजोला की तैयारी और खेती पर व्यावहारिक प्रदर्शन आयोजित किए गए। प्रदर्शन के दौरान किसानों को अपशिष्ट को खाद और जैविक उर्वरक में बदलने तथा अजोला बेड तैयार कर उसके रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

विकसित भारत – गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) और मध्योत्तर अंडमान जिले के तहत कार्यक्रम अधिकारी, सहायक अभियंता, डेटा एंट्री ऑपरेटर और ग्राम रोज़गार सेवक के पदों पर अनुबंध के आधार पर भर्ती के लिए स्थानीय उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अट्ठारह सितम्बर शाम 5 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए, उम्मीदवार संयुक्त ज़िला कार्यक्रम समन्वयक, कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने डिगलीपुर के नवीन नगर क्षेत्र का दौरा कर अतिक्रमण के कार्रवाई से प्रभावित कई परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दिए जाने का अनुरोध किया। अधिकारियों ने इस अनुरोध पर विचार कर परिवारों को व्यवस्था करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया।

<><><><><><><>